दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### 3 लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर नजदीकी वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** जिले में तीन लोगों की प्राकृतिक आपदा के तहत असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम-नंदेली के टूपम सिदार की 14 अगस्त 2020 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता मनोज सिदार को 4 लाख रुपये, तहसील तमनार के ग्राम-सलिहारी निवासी राजकुमार मांझी की 20 मार्च 2020 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी माता मंगलाई को 4 लाख रुपये तथा तहसील खरसिया के ग्राम-बसनाझर निवासी उर्मिला बाई डनसेना की 7 जनवरी 2021 को आग में जलने से मृत्यु होने पर उनके पति जेठूराम डनसेना को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 800.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 800.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 2 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार सुकमा जिले में सर्वाधिक 1167.1 मिमी और बालोद जिले में सबसे कम 560.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 729.3 मिमी, सूरजपुर में 1001.7 मिमी, बलरामपुर में 798.8 मिमी, जशपुर में 830.1 मिमी, कोरिया में 831.8 मिमी, रायपुर में 643.5 मिमी, बलौदाबाजार में 752.1 मिमी, गरियाबंद में 701.6 मिमी, महासमुंद में 612 मिमी, धमतरी में 684.7 मिमी, बिलासपुर में 806.9 मिमी, मुंगेली में 763 मिमी, रायगढ़ में 688.4 मिमी, जांजगीर चांपा में 814.9 मिमी, कोरबा में 1157.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 964.2 दुर्ग में 710.5 मिमी, कबीरधाम में 648.8 मिमी, राजनांदगांव में 616.7 मिमी, बेमेतरा में 918.2 मिमी, बस्तर में 814 मिमी, कोण्डागांव में 784.7 मिमी, कांकेर में 716 मिमी, नारायणपुर में 937.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 862.7 मिमी और बीजापुर में 898.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### 12वीं पूरक परीक्षा के लिए समय सारणी जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 12वीं पूरक परीक्षा के लिए समय सारणी जारी कर दिया है। 17 सितंबर से 30 सितंबर तक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। सुबह 8:30 से 10:30 परीक्षा समय निर्धारित किया गया है। हायर सेकेंडरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए भी पूरक परीक्षा आयोजित किए जाएंगे। कोरोना एडवाइजरी का पालन के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव व्हीके गोयल ने बताया कि 12वीं के पूरक परीक्षा के लिए समय सारणी जारी कर दिया गया है। परीक्षा सुबह 8।30 से 11।30 तक आयोजित की जाएगी। 17 सितम्बर से 30 सितंबर तक परीक्षाएं होंगी।

# कम्पोस्ट निर्माण में कन्वर्शन रेशियो का रखें विशेष ध्यान- कलेक्टर

» गिरदावरी में फसलवार रकबे की एंट्री करने के दिए निर्देश

» कलेक्टर सिंह ने ली समीक्षा बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कृषि, पशुपालन, मछली पालन, उद्यान एवं रेशम विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने बैठक में गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान के बदले दूसरी फसल लगाए जाने की समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में खाद की गुणवत्ता के साथ कन्वर्शन रेशियो का विशेष ध्यान रखें। इससे समूहों को अधिक लाभ होगा। साथ ही राजीव गांधी न्याय योजना के अंतर्गत धान के बदले लिए जा रहे अन्य फसलों का गंभीरता पूर्वक गिरदावरी करने के निर्देश दिए। जिससे योजनान्तर्गत संबंधित किसानों को लाभान्वित किया जा सके।

कलेक्टर सिंह द्वारा जिले में धान के बदले दलहन, तिलहन, वृक्षारोपण की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर सिंह द्वारा धान के बदले अन्य फसलों के बढ़ोत्तरी पर कृषि विभाग की प्रशंसा की। कलेक्टर सिंह ने धान के बदले अन्य फसलों की रकबे की चर्चा करते हुये बताया कि दलहन, अरहर, रागी, उड़द, मक्का सभी का रकबा बढ़ चुका है। गिरदावरी करते समय धान के बदले लगा फसल की जानकारी स्पष्ट रूप से इंद्राज करने के निर्देश दिए। इन फसलों का भौतिक निरीक्षण करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। कलेक्टर सिंह ने गोठानों में वर्मी खाद की उत्पादन पर चर्चा किए। साथ ही कृषि विभाग को चपले से वर्मी खाद खरीदने के निर्देश दिए। जिन सोसायटी में खाद स्टॉक की उपलब्धता नहीं होने पर उन्हें उपलब्ध कराते एवं उसकी एन्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोठानों में तैयार सुपर कम्पोस्ट का भी अतिशीघ्र उठाव कर विक्रय करने के निर्देश दिए। घरघोड़ा एवं भालूमार गौठान में पानी की स्थिति की जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि गोठान के पास तालाब से पानी प्राप्त कर केचुआ खाद निर्माण किया जा सकता है। कलेक्टर सिंह ने इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा फसल की स्थिति पर समीक्षा किए। उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में हुए फसल नुकसान का सर्वे तत्काल पूरा करें। किसान मितान केन्द्र में आने वाले शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। साथ ही फसल नुकसान की सतत् निगरानी करने के लिए भी निर्देशित किया।

कलेक्टर सिंह द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विभागीय योजनाओं के माध्यम से रोजगार मूलक गतिविधियाँ संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह द्वारा खाद की स्थिति पर समीक्षा किए। उन्होंने खाद की कालाबाजारी पर लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकार पट्टाधारियों द्वारा पहली बार फसल ली जा रही हो या दूसरी बार उसका ध्यान रखकर उनका पंजीयन करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने पशुपालन विभाग को चारागाह के रकबे को अपेडट करने के निर्देश दिए। उद्यान विभाग की समीक्षा में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में 7 पोषण बाड़ी पूर्ण हो चुके तथा शेष अन्य को जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी तरह मछली पालन विभाग द्वारा किए जा रहे एक्टीविटी की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने रेशम विभाग की समीक्षा भी कि जिस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि रेशम के लिए प्लांटेशन का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में धरमजयगढ़ ब्लाक के अंतर्गत 30 एकड़ में प्लांटेशन किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल, उप संचालक कृषि एल.एम.भगत, सहायक संचालक रेशम एस.एस.कंवर, उप संचालक पशुपालन डॉ.आर.एच पाण्डेय, सहायक संचालक उद्यानिकी डॉ.कमलेश दीवान सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हाथियों ने पोड़ीखुर्द में उत्पात मचाते फिर तोड़े ग्रामीण के घर

**कोरबा (आरएनएस)।** वन मंडल कटघोरा के केंदई रेंज में घूम रहे 33 हाथियों के दल ने बीती रात डंगोरा पहाड़ से नीचे उतर कर कोरबी सर्किल के ग्राम पोड़ी खुर्द में उत्पात मचाया और ग्रामीण के घर को बूरी तरह तोडऩे के साथ ही कुछ ग्रामीणों के फसल को भी रौंद दी। हाथियों का उत्पात काफी देर तक चला। उत्पात मचाने के बाद 29 हाथी पसान रेंज चले गए। रात में बड़ी संख्या में हाथियों की पहुंचने की सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र पसान के कर्मचारी व अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ ही हाथियों को खदेडऩे की कार्रवाई वन अमले द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया। जबकि चार दंतैल हाथी दल से अलग होकर कोरबी सर्किल के फूलसर में पहुंच गए और घोघरा नाला के आसपास मंडराने लगे। इन दंतैलों को आज सुबह यहां देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई।

जानकारी के अनुसार दंतैलों ने पोड़ी खुर्द में जिस ग्रामीण के घर को निशाना बनाया और बूरी तरह तहस-नहस कर दिया। उसका नाम कार्तिक पिता हिरावन यादव है। जो कि अपने परिवार सहित रहता है। हाथियों के पोड़ीखुर्द पहुंचने की सूचना पर वनविभाग का अमला तत्काल मौके पर पहुंच गया और कार्तिक के परिवार के सहित सूनसान क्षेत्र में रह रहे ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया था। वन अमले की सक्रियता से कोई जनहानि नहीं हो सकी।

## लोहे का कत्ता दिखाकर लूट करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

» आरोपियों से लूट की बाइक, मोबाइल और हथियार जब्त



**रायगढ़।** थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक विवेक पाटले के सक्रिय सूचनातंत्र से दिनांक 31/08/2021 की रात्रि परसरामपुर नर्सरी के पास लूटपाट करने वाले दोनों आरोपियों को दूसरे ही दिन गिरफ्तार कर उनसे लूट की हुई मोटर सायकल, मोबाइल और हथियार जप्त कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपीगण घटना के बाद से गिरफ्तारी के भय से लुकछिप रहे थे।

जानकारी के अनुसार दिनांक 31/08/2021 के लगभग 8-9 बजे रात ग्राम कंचनपुर, सरिया निवासी दामोदर साव (34 वर्ष) रायगढ से वापस अपने घर मोटर सायकल पैशन प्रो क्र0 सीजी 13 एच 0954 से आ रहा था जिसे ग्राम परसरामपुर के नर्सरी के पास दो व्यक्ति अचानक रोककर रूपयों की मांग करने लगे। दामोदर उन्हें रूपये नहीं है बोला तो दोनों कत्ता से डरा धमकाकर मारपीट किये और दामोदर के पाकिट में रखे रेडमी मोबाईल और मोटर सायकल पैशन प्रो क्र0 सीजी 13 एच 0954 कीमती 20,000 रूपये को लूटकर भाग गये। दोनों को दामोदर चेहरे से पहचान लिया, अपने रिपोर्ट पर उसने बंटु सिदार और जुगल दास वैष्णव द्वारा लूटपाट कारित करना बताया था। घटना के संबंध में आरोपियों के विरुद्ध दिनांक 01.09.2021 के मध्य रात्रि अपराध क्रमांक 185/2021 धारा 392 आईपीसी पंजीबद्ध किया गया।

लूटपाट करने वाले एक आरोपी जुगल दास वैष्णव को दिनांक 01/09/2021 के सुबह लूटी हुई मोटर सायकल पर घूमते अटल चौंक, सरिया के पास देखे जाने की सूचना मुखबिर द्वारा दिया गया जिसे तत्काल पुलिस टीम हिरासत में लेकर थाने लायी। आरोपी जुगल दास वैष्णव के मेमोरंडम पर पीड़ित से लूट की गई मोटर सायकल पैशन प्रो क्र0 सीजी 13 एच 0954, एक मोबाइल व लूटपाट में प्रयुक्त हथियार लोहे का कत्ता(चाकूनुमा) की जप्ती की गई है। आरोपी जुगल दास वैष्णव पिता प्रमोद वैष्णव उम्र 24 वर्ष निवासी सरिया को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा था तथा उसके साथी फरार आरोपी बंटु सिदार की सघन पतासाजी की जा रही है, जिसे आज दिनांक 02.09.2021 को सरिया में गिरफ्तार किया गया है।

## रिपोर्ट के कुछ घंटे बाद पकड़े गये दो चोर, 32 नग पाईप बरामद

» गारे पेलमा माइन्स की साइड से 97 नग लोहे की पाइप हुई थी चोरी

**रायगढ़।** आज दिनांक 02/09/2021 को तमनार पुलिस द्वारा गारे पेलमा कोल माईन्स साइड से लोहे की पाईप चोरी करने वाले दो आरोपियों को रिपोर्ट के चंद घंटे बाद स्टाफ की सक्रिय सूचनातंत्र से घेराबंदी कर मय चोरी के माल के साथ पकड़ा गया, आरोपियों का एक साथी फरार है, जिसकी पतासाजी में स्टाफ जुटी है।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 02/09/2021 के सुबह थाना तमनार अन्तर्गत स्थित गारे पेलमा 4/8 अंबुजा सिमेंट अंतर्गत टेक्नो ब्लास्ट माईनिंग कारपोरेशन के एच.आर. एडमिन गोपाल स्वर्णकार थाना आकर माइन्स साइड आफिस के पास रखे लोहे के 97 नग पाईप को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता गोपाल स्वर्णकार दिनांक 28/08/2021 के बाद से पाइपों की चोरी होना बताये, रिपोर्ट पर अप.क्र. 272/2021 धारा 379 आईपीसी दर्ज कर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक एल.पी. पटेल अपने मुखबिरों को सक्रिय कर सूचना देने निर्देशित किया गया। कुछ घंटे बाद ही स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कोड़केल के सोधराम बिरहोर और त्रिनाथ चौहान चोरी में शामिल हैं , जिसके बाद थाना प्रभारी स्टाफ के साथ ग्राम कोड़केल जाकर आरोपियों की पतासाजी कर उन्हें हिरासत में लिया गया । आरोपियों द्वारा पुलिस को दिये अपने मेमोरंडम बयान पर दिनांक 28/08/2021 की रात्रि गांव के सेतराम के साथ ग्राम खम्हरिया स्थित कोल



ब्लॉक गारे पलमा 4/8 यूजी माइंस के बाहर लेबर रूम के पास रखे लोहे की पाइप को चोरी करना स्वीकार किए और चोरी की पाइप को आपस में बटवारा कर लेना बताये। आरोपियों के निशांदेही पर चोरी की 32 नग लोहे की पाइप कीमती करीब 1,00,000 रुपए बरामद किया गया तथा प्रकरण में धारा 34 भादवि जोड़ी गई है। आरोपियों का साथी सेतराम फरार है जिसकी सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी 1- सोधराम बिरहोर पिता बरतराम बिरहोर उम्र 24 साल 2-त्रिनाथ चौहान पिता नेहरू चौहान उम्र 19 साल दोनों निवासी कोड़केल थाना तमनार को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक एल.पी. पटेल के नेतृत्व में चोरी के प्रकरण में आरोपियों की त्वरित रूप से पतासाजी एवं चोरी की संपत्ति बरामदगी में सहायक उपनिरीक्षक दुर्गाचरण साहू, प्रधान आरक्षक उमाशंकर धृतांत एवं आरक्षक अरविंद पटनायक का सराहनीय योगदान रहा है।

## करेंट की चपेट में आकर चौकीदार की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** सीएसईबी चौकी क्षेत्रांतर्गत डीडीएम रोड में चौकीदारी करने वाले वृद्ध की विद्युत करेंट में चिपकने से गत रात्रि मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार उरगा थानांतर्गत ग्राम अखरापाली निवासी विकनंदन भारद्वाज उम्र 65 पिता गजाराम भारद्वाज कोरबा सिटी कोतवाली की सीएसईबी चौकी क्षेत्रांतर्गत डीडीएम रोड में स्थित एक फर्म में चौकीदारी करता था। गत रात्रि उसने बिजली चालू करने की नीयत से स्वीच ऑन करने गया उसी दौरान उसमें चिपक कर करंट के स्पर्श में आने से उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी सुबह पड़ोसियों को हुई तो अखरापाली निवासी उसके पुत्र को मोबाइल से फोन कर दिया गया। जिसके बाद मृतक का पुत्र घटना स्थल पहुंचा। उसके द्वारा प्रारंभिक सूचना दर्ज कराए जाने पर सीएसईबी चौकी पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल के चीरघर भिजवा दिया। मामले की विवेचना कर रहे सीएसईबी चौकी में पदस्थ प्रभारी उप निरीक्षक आशीष सिंह के मार्गदर्शन में घटना स्थल पहुंचे एएसआई फगूराम साहू ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा किया जाएगा।

## लिफ्ट के बहाने कार चोरी कर फरार हुआ आरोपी कोरबा में गिरफ्तार

**रायगढ़।** रायगढ़ में रहने वाले चैतन दास महंत को अपनी आई 10 कार में लिफ्ट देना उस समय भारी पड़ गया, जब उसके साथ लिफ्ट लेकर आया युवक मौका देखकर उसकी कार चोरी कर फरार हो गया। सपूंजीपथरा पुलिस आरोपी को कोरबा से गिरफ्तार कर कार समेत रायगढ़ लाया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम घिवरा, जिला जांजगीर चाम्पा वाला चैतनदास पिता महेत्तर दास (उम्र 30 साल) ढिमरापुर चौंक रायगढ़ में रहकर प्रायवेट जॉब करता था। दिनांक 14.07.2021 को चैतन रायगढ आटो डील से सेकेण्ड हेण्ड आई 10 सीजी 13 यू1500 खरीदा था। दिनांक 15.07.2021 को चैतन अपनी कार से जामपाली घरघोडा जा रहा था। रास्ते में लाखा के पास सुनील



यादव मिला जिससे चैतन की पहले भी एक-दो बार मुलाकात हुई थी। सुनील यादव लिफ्ट लेकर चैतन की कार में बैठा रास्ते में बंजारी मंदिर के पास चैतन कार खड़ी कर कार की चाबी गाड़ी में छोड़कर मंदिर दर्शन करने गया। वापस आकर देखा तो कार और सुनील यादव दोनों नहीं थे। चैतन को पूरा संदेह था कि सुनील यादव ही उसकी कार चोरी कर भाग गया है। चोरी की रिपोर्ट चैतनदास महंत दिनांक 18/07/2021 को थाना पूंजीपथरा में दर्ज कराया, जिस पर संदेही सुनील यादव के विरूद्ध अप.क्र. 217/2021 धारा 379 भादवि दर्ज कराया।

थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह द्वारा संदेही सुनील यादव का पता लगाया गया, संदेही ग्राम कटरापाली थाना तमनार का रहने वाला है, पुलिस पार्टी संदेही के घर जाकर दबिश दी जो घटना के बाद से फरार था। इसी बीच सुनील यादव के कोरबा में छिपे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस पार्टी जिला कोरबा के थाना कटघोरा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम तुमान से गिरफ्तार कर कार समेत रायगढ़ लाया गया। आरोपी सुनील यादव पिता मेघनाथ यादव उम्र 23 साल निवासी कठरापाली थाना तमनार जिला रायगढ़ को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पूंजीपथरा कृष्णकांत सिंह के साथ सहायक उप निरीक्षक सिमसोन मिंज, आरक्षक अनूप मिंज, उद्धो पटेल, विद्या सिदार थाना पूंजीपथरा की अहम भूमिका रही है।

## अंग्रेजी शराब व बियर बॉटल की बड़ी खेप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

» मोटर सायकल में ओड़िशा से किया जा रहा था अवैध शराब परिवहन

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर आज दिनांक 02/09/ 2021 को चक्रधरनगर थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह के नेतृत्व में पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा भारी मात्रा में ओड़िशा की अंग्रेजी शराब एवं बियर बाटल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा मोटर सायकल पर अवैध रूप से शराब परिवहन कर बिक्री के लिये रायगढ़ ला रहे थे। चक्रधरनगर पुलिस आरोपियों पर आबकारी एक्ट की अजमानतीय धाराओं पर कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार आज



दिनांक 02/09/2021 को थाना प्रभारी चक्रधरनगर को मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अंग्रेजी शराब लेकर पंडरीपानी की ओर से आ रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करने टीआई अभिनव कांत पेट्रोलिंग के प्रधान आरक्षक लोमस राजपूत को हमराह स्टाफ के रवाना किया गया। पेट्रालिंग पार्टी पहाड़ मंदिर कौहाकुंडा वृद्ध आश्रम के पास मेन रोड़ में मुखबिर द्वारा बताये गये संदेहियों का आने का इंतजार किया गया, कुछ देर में मुखबीर के बताएं हुलिया के दो व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 ए 9331 पर आते मिले। मोटर सायकल में पीछे बैठा व्यक्ति अपने पास बीच में एक प्लास्टिक बोरी में बोरी में शराब एवं बेयर कार्टून में रखा था। बोरी की तलाशी लेने पर बोरी के अंदर दो कार्टून में किंगफिशर स्ट्रांग बियर भरा 24 बाटल एवं एक कार्टून में 48 नग अंग्रेजी शराब (180 एमएल वाली) मैकडवेल नंबर 1 मिला। अंग्रेजी शराब एवं बियर बाटल पर फार सेल एसएन ओडिसा ऑनली लिखा हुआ था। पूछताछ में आरोपीगण (1) जयराम यादव पिता बलदेव प्रसाद यादव उम्र 32 वर्ष साकिन नवापारा थाना कोतरारोड रायगढ़ (2) संजय उरांव पिता फूलसाय उरांव उम्र 26 वर्ष साकिन नवापारा थाना कोतरारोड नाम बताये तथा शराब अवैध बिक्री के लिये लेकर आना बताये हैं। आरोपियों से बाइक व अवैध शराब कीमती 19,680 रूपये का जप्त कर धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) का आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480